>

Title: Need to develop the Khirkiya Railway Station in Betul Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh and provide stoppage to more trains at the railway sation.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बेतूल): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतगत स्थित खिरकिया शहर में रेलवे सुविधाओं की कमी की ओर आकर्षित करना चाहूंगी। आजादी के 64 साल पहले जो सुविधा थी, वही सुविधा आज भी है। पिछले 10 वर्ष पूर्व 6 एक्सप्रेस ट्रेन एवं 2 सवारी गाड़ी (पैसेन्जर ट्रेन) चलती थी , आज भी वही गाड़ियां चल रही हैं।

पिछले 10 वर्षों की राजस्व की तुलना में अभी अच्छी खासी वृद्धि हुई है। पहले 8 से 10 हजार रूपये प्रतिदिन से बढ़कर 50000 से 55000 रूपये राजस्व की प्राप्ति हो रही है, यानि अभी उस क्षेत्र से 5 गुना अधिक राजस्व की प्राप्ति हो रही है।

मैं रेल मंत्री जी से यह कहना चाहूंगी कि जिस तरह से वहां पर रेलवे ने राजस्व का विकास किया उसके अनुरूप खिरकिया रेलवे स्टेशन में गाड़ियों के स्टॉपेज में वृद्धि नहीं हुई है और उस स्टेशन का विकास भी नहीं हो पाया है। इस स्टेशन के इर्द-गिर्द छोटे गांवों के लोगों की रोजी-रोटी भी इसी स्टेशन पर आधारित है।